# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत अमरोहा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण व जेंडर समानता पर भव्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन







**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के धनौरा में स्थित ब्लूबर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, में आयोजित हुआ कार्यक्रम, शिक्षाविदों व विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति अमरोहा पुलिस की प्रतिबद्धता को नए आयाम प्रदान करते हुए को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेजझ5.0 के तहत ॒महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और जेंडर मुद्दों पर क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस एवं कार्यशाला॑ का भव्य आयोजन ब्लूबर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, धनौरा (अमरोहा) में किया गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति सचिन महेश्वरी कार्यक्रम अध्यक्ष रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति की भावना पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। शास्त्रीय नृत्य में पारंगत अंतर्राष्ट्रीय कलाकर अनुपमा कौशिक द्वारा मिशन शक्ति की भावना पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी । नृत्य ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने न केवल समाज में महिला सम्मान और सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया, बल्कि ॒सशक्त नारी झ सशक्त भारत की भावना को भी जीवंत कर दिया। कांफ्रेस में अमरोहा एवं आसपास के जनपदों के साथ-साथ दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, मेरठ और काशीपुर से आईं महिलाओं ने भाग लिया, जो शिक्षा, प्रशासन, बैंकिंग, चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सिक्योरिटी, उद्योग जगत और आईटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों से भी महिलाओं को बुलाया गया था । इसके साथ ही अमरोहा में स्थित बालिकाओं के छात्रावासों का संचालन करने वाली प्रबंधको को भी महिला सुरक्षा के विषय में आ रही चुनौतियों और सुझावों पर अपने विचार साझा करने के लिये आमंत्रित किया गया । सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को चलाने वाली महिलाएं भी कांफ्रेंस का हिस्सा बनी । क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया (PPS) ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान केवल महिलाओं के अधिकारों का नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति अखिलेश भदौरिया ( PPS ) ने मिशन शक्ति अभियान की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की वाहक बन रही है। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति सचिन महेश्वरी ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि जेंडर समानता केवल विचार नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन की आवश्यकता है। IGNOU की डिप्टी रीजनल डायरेक्टर अंजना ने महिलाओं के संवाद व विधान सभाओं में और अधिक योगदान की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि महिलाओं का प्रतिनिधित्व विधायिका में और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता है । साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट सुश्री पाखी गर्ग जो कि उत्तराखंड से आई थी उन्होंने महिलाओं की ऑनलाइन स्पेस में सुरक्षा के संबंधी विषय पर सेशन लिया साइबर अपराध का सर्वाधिक शिकार महिलाएं होती हैं उन्होंने अपील की कि वे सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखें और नियमित पासवर्ड बदलें ' यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद से आई क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. शोभा शर्मा ने महिला सुरक्षा के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर विचार प्रस्तुत किए । इसके अतिरिक्त उद्योग जगत से आई सीनियर मैनेजर उछ गुप्ता सुश्री सुनीता यादव और मेरकंडीज मैनेजर उछ गुप्ता सुश्री हरप्रीत कौर ने उद्योग जगत में महिलाओं की भागीदारी और सुरक्षा के विषय पर चर्चा की । एसबीआई सीनियर बैंक मैनेजर स्नेहा और प्रथमा बैंक से आई सीनियर बैंक मैनेजर नीलम यादव ने बैंकिंग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और साथ में महिलाओं की वित्तीय/आर्थिक सुरक्षा को स्वावलंबन से जोड़ते हुए भारतीय परिवेश में महिलाओं के वित्तीय क्षेत्र के समावेश को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। अमरोहा कंज्यूमर कोर्ट की मजिस्ट्रेट श्रीमती अंजू दीक्षित ने भी उपभोक्ता जागरूकता और सुरक्षा की दृष्टिकोण से महिला सुरक्षा के विषय पर अपने मत साझा किये । कॉन्फ्रेंस में उपस्थित अन्य प्रभावशाली महिलाएं जिन्होंने प्रतिभाग किया। डॉ. बीना रुस्तगी (उप प्राचार्या, जे.एस. हिन्दू पी.जी. कॉलेज, अमरोहा) डॉ. शशि शर्मा पूर्व प्राचार्य एवं प्रोफेसर डीएवी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर, डॉ. सुषमा राठी (प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ, मुरादाबाद) डॉ. स्वाति मिश्रा (सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, बुलन्दशहर) ने भी प्रतिभाग किया और महिला सुरक्षा पर अपने अपने विचार प्रकट किये। अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। तत्पश्चात विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों से आए शोधार्थियों व पीएचडी स्कॉलर्स ने महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता एवं डिजिटल युग की चुनौतियों पर पेपर एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी शिक्षाविदों ने सराहा।

कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आई शोधार्थिनियों और स्कॉलर्स ने महिला सुरक्षा, जेंडर समानता, मानसिक स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित अपने शोध और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। क्क्ळ कानपुर, जामिया मिलिया इस्लामिया (दिल्ली), कोटा, राजस्थान एवं मेरठ से आए प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्यों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर सारगर्भित प्रस्तुतियाँ दीं। समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का उत्साह और जोश वातावरण में स्पष्ट रूप से झलकता रहा।

## साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित के पुलिस ने वापस कराए रुपये

### अपने बैंक खाते की जानकारी किसी को साझा न करें पुलिस ने की अपील




**मंडी धनौरा/अमरोहा(सब का सपना):-** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बार फिर अपनी तत्परता और प्रभावी कार्रवाई का परिचय दिया है। मण्डी धनौरा निवासी विशाल पुत्र उमेश के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर 1,000 रुपये ट्रांसफर किए जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी राशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। विशाल ने 28 अगस्त को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी कि उनके बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 1,000 रुपये निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद ने थाना मण्डी धनौरा साइबर सेल और थाना साइबर क्राइम टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी धनौरा के नेतृत्व में मण्डी धनौरा साइबर सेल और अमरोहा साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। टीम की त्वरित और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप 12 अक्टूबर को पीड़ित विशाल के बैंक खाते में 1,000 रुपये वापस करा दिए गए। राशि वापस पाकर विशाल ने खुशी जाहिर की और थाना मण्डी धनौरा कार्यालय पहुंचकर अमरोहा पुलिस, साइबर सेल और पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की जमकर सराहना की। उन्होंने पुलिस को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई ने न केवल उनकी राशि वापस दिलाई, बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ाया। अमरोहा पुलिस की जनता से अपील अमरोहा पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही, लुभावने ऑफर या अपरिचित लिंक और एप्लिकेशन के जरिए बिना जांच-पड़ताल के भुगतान करने से बचें, क्योंकि यह साइबर ठगी का तरीका हो सकता है। पुलिस ने लोगों से जागरूक रहने और अपने आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया है। अमरोहा पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साइबर अपराध के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता को दशार्या है।

## गजरौला के SRS इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस खो-खो चैम्पियनशिप का समापन




**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल में आज अंडर-17 इंटर हाउस खो-खो चैम्पियनशिप का आयोजन खेल भावना, अनुशासन और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 9 एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के चारों हाउस आर्यभट्ट, भास्कर, रोहिणी और कल्पना की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।रोमांच और प्रतिस्पर्धा का संगम‹बालक वर्ग में पहला मुकाबला कल्पना हाउस कप्तान मयंक, कक्षा 11 और भास्कर हाउस कप्तान अर्शद, कक्षा 11 के बीच खेला गया, जिसमें भास्कर हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला रोहिणी हाउस कप्तान दिव्यांश, कक्षा 11और आर्यभट्ट हाउस कप्तान राघव, कक्षा 11 के बीच हुआ, जो पूरे दिन का सबसे रोमांचक मैच रहा। इस मैच में रोहिणी हाउस ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की।बालिका वर्ग में कल्पना हाउस कप्तान झ अवंतिका, कक्षा 9ने आर्यभट्ट हाउस कप्तान देवांगी, कक्षा 8को हराया, वहीं भास्कर हाउस कप्तान शिवांगी, कक्षा 11 ने रोहिणी हाउस कप्तान गुंजन चौधरी, कक्षा 11पर विजय प्राप्त की।इन जीतों के साथ भास्कर और रोहिणी बालक वर्ग तथा भास्कर और कल्पना बालिका वर्गकी टीमें आगामी वार्षिक खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।दिन का सबसे चर्चित मुकाबला रोहिणी हाउस बनाम आर्यभट्ट हाउस बालक वर्ग के बीच खेला गया। शुरूआत में आर्यभट्ट हाउस ने मजबूत पकड़ बनाई, लेकिन दूसरे हाफ में रोहिणी हाउस के खिलाड़ियों ने जबरदस्त रणनीति और टीमवर्क दिखाते हुए मैच पलट दिया। रोहिणी हाउस ने 20झ11 के स्कोर से जीत दर्ज की। इस मैच ने मैदान में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया और इसे पूरे आयोजन का टॉक ऑफ द डे बना दिया।इस मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे भरत सिंह, राघव, दिव्यांश, प्रिंस, यश चौहान, दक्ष शर्मा, और हर्षित।बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शिवांगी, अवंतिका, परि चाहल और याशी यादव रहे।मैच के रेफरी विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री सुधीर सिंह एवं संदीप यादव रहे, जबकि स्कोरिंग का कार्य सपोर्ट्स कोच जतिन कुमार सद्वारा किया गया।ऊर्जावान कॉमेंट्री विकास कौशिक एवं सुश्री तनिशा वर्मा द्वारा की गई, जिन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों में जोश का संचार किया।कार्यक्रम का उद्घाटन एवं टॉस विद्यालय के निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी एवं कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह द्वारा किया गया।विद्यालय निदेशक पुनीत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा॒जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क। सच्चा खिलाड़ी वही है जो हर परिस्थिति में पूरे समर्पण के साथ खेलता है।॑उन्होंने सभी टीमों की प्रशंसा करते हुए आगामी फाइनल मुकाबलों के लिए शुभकामनाएँ दीं।दर्शक दीर्घा में कक्षा 6 से 9 और 11वीं के सभी विद्यार्थी तथा संबंधित हाउसों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। जयकारों, तालियों और उत्साह से भरे माहौल ने प्रतियोगिता को और भी यादगार बना दिया।यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि खेलों से छात्रों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना भी विकसित होती है।

## विधवा महिला ने दबंगों पर लगाया जमीन कब्जा करने का आरोप



**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** एक महिला ने कुछ दबंग लोगों पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर जमीन कब्जा मुक्त करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक गजरौला के मोहल्ला बुध बाजार शास्त्री गली निवासी सरोज गर्ग स्वर्गीय अर्जुन गर्ग ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गई थी जिसके बाद वह अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। महिला का आरोप है कि इससी बीच एक दबंग व्यक्ति अजीम परवेज निवासी अमरोहा ने महिला का मकान का ताला तोड़कर अपने प्लॉट में सम्मिलित कर लिया है। सूचना मिलने पर महिला अपने प्लॉट पर पहुंची और अपनी जमीन पर टीन सेड डाल दिया, महिला का आरोप है की कुछ दिन पूर्व आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। महिला ने बताया कि अजीम परवेज की पत्नी ने मजदूर बुलाकर जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सरोज मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। कस्बा इंचार्ज जोगिंदर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों पर जमीन का बैनामा है मामले में जांच की जा रही है।

## जिला उपाध्यक्ष द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-**तहसील क्षेत्र के ग्राम जयतोली में साप्ताहिक सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन से ही भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन में डॉक्टर हाशिम के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाकर लोगो को सदस्यता दिलाई व जागरूक किया जा रहा है। बता दें, कि ग्राम जयतोली में स्थित जनता क्लिनिक स्वामी डॉक्टर हाशिम द्वारा डॉ. हरिओम चौहान, प्रोफेसर दीपांशु व अन्य लोगो को सदस्यता ग्रहण कराई। संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया बताया।इस अवसर पर साहिल चौधरी, फिरोज चौधरी, डॉक्टर लवकुश कुमार प्रधान, व भारी मात्रा में लोग उपस्थित रहे।

## दीदी की दुकान को यूनिसेफ ने अपनी वेबसाइट पर किया लांच

### जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में आयोजित सामुदायिक सहभागिता बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** महिला सशक्तिकरण की दिशा में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा गजरौला से शुरू किए गए फ्रेशर प्रोजेक्ट दीदी की दुकान को यूनिसेफ ने अपनी वेबसाइट पर लांच किया है। यूनिसेफ द्वारा पूरे विश्व में इस प्रोजेक्ट को स्वीकार करना एक बड़ी उपलब्धि है और इसके लिए सीएसआर विंग बधाई की पात्र है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और समाजसेवा के क्षेत्र में जुबिलेंट की यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। बता दें कि शनिवार को जुबिलेंट के आफीसर्स क्लब में आयोजित बैठक का शुभारंभ यूनिट हेड विनोद झा ने आमंत्रित प्रबुद्धजनों के संग दीप प्रज्जवलित करके किया। मोहल्ला नाईपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। यूनिट हेड ने कंपनी द्वारा सीएसआर के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार जानकारी दी। बताया कि जुबिलेंट शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार आदि के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही है। ओपन सेशन में शिक्षक भारतभूषण अग्रवाल ने इंटर कालेजों में आपदा प्रबंधन के उपायों के लिए कार्यक्रम करने का सुझाव दिया। वहीं रिटायर्ड एडीओ खड़ग सिंह ने पशुओं में होने वाले थनैला आदि रोगों की रोकथाम के लिए गांवों में जाने वाले पशु मित्रों को दवाएं मुहैया कराने का सुझाव दिया। निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि सीएसआर टीम शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू करेगी। उन्होंने कंपनी को लेकर अफवाहों से भी सावधान रहने को कहा। बताया कि कंपनी सेफ्टी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव ने बताया कि जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से पशु मित्रों को प्रशिक्षण देने की शुरूआत की जाएगी। इससे पशुपालकों को काफी फायदा पहुंचेगा। मेडिकल हेड डा, सुजिंदर फोगाट ने कंपनी की स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में कंपनी के फायर सेफ्टी विभाग ने आग लगाकर उसे बुझाने का प्रदर्शन किया। बैठक में आमंत्रित लोगों ने कंपनी की समाजसेवा की प्रशंसा भी की। संचालन तिगरिया खादर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक डा. पृथी सिंह ने किया। इस मौके पर सेफ्टी हेड रबिंद्र झा, प्रताप महापात्र, पुनीत तिवारी, अनुपम सिंह, कृपाल सिंह, गिरिराज सिंह, भूरे खां, तेजवीर सिंह अलूना, रामवीर गूर्जर, रविराज सिंह, नवीन गर्ग, हाजी अब्दुल सलाम, श्यौनाथ सिंह प्रजापति. देवेंद्र पाल शर्मा, रमेश चंद्र प्रशांत,सभासद सुभाष सैनी, संजीव अग्रवाल, महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष विनीता गर्ग, ऋषिबाला अग्रवाल, रीता यादव आदि के साथ ही सीएसआर के चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, साजिद पाशा, नासिर खान, उस्मान, राहुल आदि मौजूद रहे।

